तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

10 अधूरे सड़क के कारण विकास कार्य हो रहे प्रभावित : सरपंच



11 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : गोयल





## खबर संक्षेप

### सर्वआदिवासी समाज की बैठक आज होगी

**जगदलपुर।** सर्व आदिवासी समाज की बैठक जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पराली (नदीसागर) में 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे रखा गया है। युवा प्रभाग अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस व क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया जाएगा।

### छग पेंशनर संघ की बैठक 10 को होगी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी ने जारी बयान में कहा कि बैठक 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ कार्यालय में होगी। सभी पेंशनर साथी सदस्यता शुल्क जमा कर सकते हैं। गर्मी से राहत मिल चुकी है अब एक दूसरे से मिलने तथा अपनी समस्याओं को व्यक्त करने का अवसर है। सबकी सहमति से आगे की कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा सकेगी। जो इस माह सेवानिवृत्त हुए हैं उनका स्वागत है बैठक में उपस्थित होकर सदस्यता फार्म भरकर पेंशनर संघ की सदस्यता ग्रहण कर पेंशनर एकता को मजबूत करें।

### पदोन्नति आरक्षण पर मौन, 16 को देंगे धरना

**जगदलपुर।** गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग ने जारी बयान में बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार पदोन्नति में आरक्षण पर चुप्पी साधी हुई है। 2019 से पदों पर पदोन्नति तथा वर्तमान में पदोन्नति देने की कार्यवाही से राज्य के अनुसूचित जाति जनजाति के कर्मचारी व अधिकारी चिंतित व आक्रोशित हैं। संगठन अब इंतजार की बजाय आंदोलन का आगाज कर दिया है। प्रदेश उपाध्यक्ष भोलाराम मरकाम तथा प्रदेश सचिव राधेश्याम टंडन ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चरणबद्ध आंदोलन के तहत 16 जुलाई को तहसील मुख्यालय में बैठक कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। 22 जुलाई को जिला मुख्यालय में कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। 2 अगस्त को बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में एक दिवसीय धरना आकस्मिक अवकाश लेकर किया जाएगा। 13 अगस्त को बिलासपुर संभाग मुख्यालय में धरना दिया जाएगा। 30 अगस्त को प्रदेश स्तरीय धरना रायपुर में दिया जाएगा। आंदोलन में राज्य भर के अनुसूचित जाति, जनजाति के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल होंगे।

### महिला को कुल्हाड़ी से मारा पड़ोसी को 7 साल की जेल

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के



सेमलनार ग्राम में ग्रामीण ने समझाईश कर रही पड़ोसी की महिला को कुल्हाड़ी से मार कर घायल कर दिया। इस पर सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अखिलेश्वर दास ने पैरवी की। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमलनार में 11 जनवरी 2023 की रात को तुलसी वैष्णव एवं उसकी पत्नी के साथ विवाद हुआ। पड़ोस रहने वाले पीलूदास वैष्णव एवं पत्नी पदमनी वैष्णव ने वहां पहुंच कर समझाइश दी, इससे तुलसी नाराज हो गया। दूसरे दिन 12 जनवरी 2023 को तुलसी ने पड़ोसी महिला पदमनी को जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से सिर, गर्दन आदि में मारा, जिससे पदमनी लहू लहूलुहान होकर बेहोश हो गई, उसे एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल ले गए। उसके बाद पीलूदास ने इसकी सूचना पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने जांच कर मामले को न्यायालय में पेश किया।

# बीमार गिद्ध का बच्चा पांच दिन के रेस्क्यू के बाद भरा उड़ान, गिद्ध मित्र से सेवा काम आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

टाइगर रिजर्व बीजापुर के विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 6 गिद्ध मित्र बनाए, जो गिद्ध का सर्वेक्षण, रहवास के स्थान, इनके आबादी का अवलोकन, इनके वंशनाश के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

साथ ही गिद्ध मित्र का दल जंगल में गस्त करते हैं, गस्त के दौरान हाल ही में दल को सीमावर्ती राज्य तेलंगाना के रूद्रारम के जंगल में भारतीय प्रजाति के गिद्ध का बच्चा गिरा हुआ मिला, उसकी जांच की तो पता चला कि बच्चे को डिहाइड्रेशन के चलते वह उड़ नहीं पा रहा है। बेहतर से बेहतर सेवा प्रदान किए, जिससे उसके रेस्क्यू करने में सहायता मिली और गिद्ध के बीमार बच्चे को अपने साथ बीजापुर लाकर रेस्ट हाऊस में रखा। वहां टायगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा, डिप्टी डॉयरेक्टर वेटरनरी एवं डॉक्टर्स के माध्यम से विशेषज्ञ सूरज नायर गिद्ध मित्रों के साथ 5 दिन उसे दवाई दिन और रात निगरानी में रखा। वर्तमान में बीमार के गिद्ध का बच्चा स्वस्थ्य हुआ और उड़ने लगा तो जंगल में उड़ कर चला गया।

**खास बातें**
- तेलंगाना के रूद्रारम के जंगल में मिला गिद्ध का बीमार बच्चा
- हिाइड्रेशन के चलते उड़ने में असमर्थ था गिद्ध का बच्चा



### अधिकारी व कर्मी को दिए निर्देश



इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) एवं क्षेत्रीय निदेशक आरसी दुग्गा ने बताया कि रिजर्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि बीमार वन्य जीवों के मिले तो वेटनरी के डॉक्टर से उपचार कराएं, जिससे वन्य प्राणी स्वस्थ्य हो सकें।

## आज से गुण्डिचा मण्डप में प्रभु के दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु, होंगे धार्मिक आयोजन

# नेत्रोत्सव के बाद तुपकी की गूंज के साथ निकलेगी जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




रियासतकालीन परम्परानुसार 617 वर्षों से लगातार बस्तर गोंचा महापर्व का आयोजन 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शनिवार को नेत्रोत्सव पूजा विधान के उपरांत रविवार को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के 22 विग्रहों को सुसज्जित तीन रथों में रथारूढ़ कर रथयात्रा निकाली जाएगी। अरण्यक ब्राम्हण समाज के समाज के अध्यक्ष ईश्वरनाथ खम्बारी व गोंचा आयोजन के अध्यक्ष विवेक पांडे ने पत्रवार्त्रा में बताया कि रथ यात्रा बस्तरिया तुपकी की गूंज व गाजेबाजे के साथ निकाली जाएगी जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। 22 जून से प्रारम्भ महापर्व 17 जुलाई तक जारी रहेगी इस दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन होगें जिसमें पूर्व की भांती 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के 14 क्षेत्रीय समितियों में विभक्त 108 से अधिक गांव में निवासरत समाज के परिवारों की सहभागिता होगी।

- जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के 22 विग्रह तीन रथ में होंगे रथारूढ़

गोंचा समिति अध्यक्ष विवेक पाण्डे ने बताया कि 22 जून को देवस्नान पूर्णिमा (चंदन जात्रा) पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा महापर्व 2024 का आगाज हो चुका है। भगवान जगन्नाथ अनसर काल की समाप्ति के साथ 6 जुलाई को नेत्रोत्सव पूजा विधान उपरांत 7 जुलाई को पारम्परिक बस्तर के तुपकी (तोप) के गूंज के साथ श्रीगोंचा रथयात्रा पूजा विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के 22 विग्रहों को तीन रथों पर रथारूढ़ कर परिकमा उपरांत जनकपुरी सिरहासार भवन (गोंचा मण्डप) में विराजित किये जायेंगे। यहां अनवरत 9 दिनों तक श्रद्धालु भगवान के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

पत्रवार्ता में अध्यक्ष ईश्वर नाथ खम्बारी, गोंचा पर्व अध्यक्ष विवेक पांडे, सुदर्शन पाणिग्राही, आत्माराम जोशी, रजनीश पाणिग्राही, नरेन्द्र पाणिग्राही, बनमाली पाणिग्राही, अनंत प्रसाद पांडे, गजेन्द्र पाणिग्राही, विजय पांडे, चिंतामणि पाण्डे, वेणुधर पाणिग्राही, बिम्बाधर पांडे, बद्रीनाथ जोशी, संतोष पांडे, योगेश पाणिग्राही, अरुण पाढ़ी, गज्जू पाणिग्राही, ▶▶| शेष पेज 10 पर

### छप्पन भोग में सीएम, विस अध्यक्ष और पूर्व सीएम हो सकते हैं शामिल

पत्रवार्ता में पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 जुलाई को अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन बनमाली पानीग्राही परिवार द्वारा किया जायेगा। वहीं दिनांक 11 जुलाई को समाज के बुजुर्गो का सम्मान के साथ- भगवान जगन्नाथ को सलामी देने हेतु तुपकी बनाने वाले ग्रामीण निमार्ताओं का भी सम्मान किया जावेगा। इसी दिन हेरापंचमी के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर से लक्ष्मीजी की डोली नगर भ्रमण करते हुए जनकपुरी सिरहासार पंहुचेंगी जहां लक्ष्मी-नारायण संवाद का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। 12 जुलाई को गुण्डिचा मण्डप सिरहासार में जगन्नाथ प्रभु को ओंकार पाण्डे परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छप्पन भोग का अर्पण कार्यक्रम सम्पन्न किया जावेगा। गोंचा महापर्व में सम्मिलित होने सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह व पूर्व सीएम भूपेश बघेल को निमंत्रण दिया गया है जिनके छप्पन भोग कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

# भैरमगढ़ व कटेकल्याण कमेटी के 3 नक्सलियों ने किया सरेंडर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

हिंसा की राह छोड़कर लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताते हुए लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 3 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सली भैरमगढ़ एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय थे। उक्त नक्सली, नक्सल बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे।

पुलिस के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर, साथ ही नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प ले रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को 3 नक्सली क्रमशः ग्राम कोरमागोंदी जनताना सरकार कमेटी सदस्य हिड़मा सोड़ी पिता स्व. सोमारू जोगा सोड़ी उम्र लगभग 36 वर्ष, हुरेपाल आरपीसी चेतना नाट्य मंच सदस्य कोसा वेको उर्फ प्रेम कुमार वेको पिता स्व. हुंगा वेको उम्र लगभग 26 वर्ष एवं बेचापाल आरपीसी जनताना सरकार मिलिशिया प्लाटून सदस्या भीमे उर्फ बबीता ओयाम पिता मोड्डा ओयाम पति सीताराम मरकाम उम्र 29 वर्ष ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अनिल कुमार प्रसाद कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# व्यापारी के घर पर दबिश, 111 बोरी पीडीएस चना व गुड़ जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जैतालूर के कालेजपारा स्थित गल्ला व्यापारी सुजित जायसवाल के घर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदाय की जाने चना एवं गुड़ के अवैध भण्डारण की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस की टीम ने गल्ला व्यापारी के घर दबिश देकर 111 बोरी चना (55 क्विंटल 50 किलो) एवं 50 क्विंटल गुड़ दोनों की कुल लागत 4 लाख से अधिक बतायी जा रही है, की जप्ती बनाई। खबर मिलने पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

वहीं कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने इस तरह की शासकीय खाद्यान्न की अफरा-तफरी करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही एवं जनमानस को भी अपील करते हुये कहा कि इस तरह की जानकारी मिलने पर त्वरित सूचित करें। ताकि उनपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, तहसीलदार सहित पुलिस विभाग के टीम के अलावा श्रम एवं खाद्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

# गौण खनिजों का अवैध परिवहन, 4 वाहन जब्त

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. निर्देशानुसार गौण खनिजों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण लगाने के निर्देश पर 4-5 जुलाई को कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा बड़ांजी, जगदलपुर, कोड़ेनार और डिलमिली क्षेत्र में चुना पत्थर और रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर चार वाहनों को जब्त करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

खनि अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि खनिज विभाग की जांच दल ने कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर वाहनों पर प्रकरण दर्ज किया गया। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंप कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज जांच दल के खनि निरीक्षक मिदुल गुहा, खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम एवं पचीयपन द्वारा किया गया।




# चौपाटी, फास्ट फूड सेंटरों की जांच अमानक खाद्य पदार्थों पर 11 व्यापारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार वर्षा ऋतु के मद्देनजर दूषित जल एवं गंदगी से खाद्य पेय जल जनित संक्रामक बीमारियों से जनसामान्य के बचाव के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छग एवं कलेक्टर, के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में जिले के विभिन्न चौपाटी, फास्ट फूड सेन्टर, डेयरी प्रतिष्ठान, होटलों, किराना दुकानों, विनिर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

- जलजनित संक्रमण से बचाव, दूषित जल के उपयोग से करें परहेज

इस क्रम में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे आटा, नमकीन, दूध, बेसन समेत अन्य खाद्य सामग्री नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया एवं अमानक पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट करवाया गया तथा संबंधित व्यापारी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई की गलती दोबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही एवं लाइसेंस निलंबित भी की जावेगी। इस दौरान 11 व्यापारियों को नोटिस जारी किया गया।

कुछ खाद्य प्रतिष्ठान जिनके पास खाद्य लाइसेंस नहीं पाया गया या एक्सपायर होना पाया गया, उन्हें नोटिस जारी कर आवेदन हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी को ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नियद नेल्ला नार योजना व डीएमएफ से ग्रामीणों को मिली राहत

# आजादी के 76 साल बाद अबुझमाड़ क्षेत्र के सात गांवों में पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र में अबूझमाड़िया जनजाति पहाड़ों से परिपूर्ण प्राकृतिक परिवेश में निवास करती है जो आजादी के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जिसके चलते इन क्षेत्रों का विकास अब तक नहीं हो पाया है। अब इन क्षेत्रों में राज्य और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है। जिला मुख्यालय नारायणपुर से अबुझमाड़ क्षेत्र के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित 7 गांवों में आजादी के 76 साल बाद पहली बार जिला प्रशासन के प्रयास से विद्युत पहुंचाई गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। विद्युत कंपनी ने नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत 6 गांवों में 5 करोड़ 07 लाख 330 रुपए की लागत से बिजली पहुंचाई गई। ग्रामों में बीपीएल कार्डधारी परिवारों के घरों में विद्युत कनेक्शन दी गई है। ग्राम कटुलनार, जड्डा, ईरकभट्टी, ताडोबेंड़ा, तुमेरादी एवं ताड़ोकुर के लिए परंपरागत उर्जा से विद्युतीकरण करने हेतु 6 ट्रांसफार्मर लगाई गई है तथा 11 केव्ही लाईन 26 किलोमीटर और एलटी लाईन 10 किलोमीटर विद्युत लाईन बिछाई गई है। इसके अलावा विद्युत कंपनी ने जिला निर्माण समिति डीएमएफ फंड से 16.60 लाख रूपए की लागत से ग्राम मेटानार में दो ट्रांसफार्मर लगाकर 11 केव्ही, एलटी लाईन पहुंचाकर 42 बीपीएल के घरों को रोशन किया।

- सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव के बीपीएल ग्रामीणों के घर हुए रौशन से मिली खुशी



### एई व जेई को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी नारायणपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता हिलोन ध्रुव ने बताया कि क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर बंद बिजली को बहाल करें।

### योजनाओं से कर रहे रोशन

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि शासन के निर्देश पर विभिन्न योजनाओं से हर गांव एवं हर घरों को रोशन करने में जुटे हुए हैं। विद्युतिकरण कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### कम्पोजित भवन में प्लेसमेंट कैम्प 8 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा 8 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजित भवन के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 440 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। इनमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लाइफ मित्र, सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर और लेबर के पद शामिल हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं और स्नातक हो, वे इस प्लेसमेंट कैम्प में हिस्सा ले सकते हैं।

### दो गांजा तस्करों को 5-5 साल का कारावास

**धमतरी।** उड़ीसा से गांजा तस्करी करते पकड़े गए दो तस्करों को विशेष न्यायाधीश ने 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार घटना 23 अक्टूबर 2023 की है। बोराई पुलिस बेरियर में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उड़ीसा की तरफ से बाइक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 1920 से दो युवक आ रहे थे। पुलिस ने बाइक को रोककर तलाशी ली। संदेहियों के कब्जे से 12 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी हीरालाल नागेश पिता रघुमणि उम्र 53 वर्ष धौराकोट थाना देवभोग जिला गरियाबंद व देवकुमार गोंड़ पिता पुरेन उम्र 30 वर्ष ग्राम नकटी सिमोड़ा थाना रायघर उड़ीसा निवासी को एनडीपीएस एक्ट 20(बी)(II)(बी) के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायाधीश केएल चारवानी ने सभी सबूतों को देखने व गवाहों को सुनने के बाद आरोपियों पर दोष सिद्ध होना पाया। न्यायाधीश ने अभियुक्त हीरालाल नागेश व देवकुमार गोंड़ को 5-5 साल का कठोर कारावास व 50-50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रकरण में शासन की ओर से एनके देवांगन विशेष लोक अभियोजक थे।

### दर्जनों वाहनों में की गई तोड़फोड़

**धमतरी।** घरों के सामने खड़े दर्जनभर वाहनों में अज्ञात आरोपी ने तोड़फोड़ की है। वाहन मालिकों ने कोतवाली में घटना की शिकायत की है। असामाजिक तत्व रात्रि होते ही शहर में उत्पात मचाने से नहीं चूक रहे हैं। वहीं चोर भी घरों के सामने खड़े वाहनों के पहिये व बैटरी की चोरी कर फरार हो जाते हैं। वाहनों में तोड़फोड़ कर देते हैं। कुछ इसी तरह की घटना बुधवार की देर रात्रि शहर में हुई है। आमातालाब रोड, शिवचौक, सदरबाजार सहित अन्य स्थानों पर रात्रि में वाहनें खड़े थे। अज्ञात आरोपी ने घूम-घूमकर घरों के सामने खड़े दर्जनभर से अधिक वाहनों में तोड़फोड़ की है। इस घटना में वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हुए हैं। गुरुवार की सुबह अपने वाहनों को क्षतिग्रस्त देख कुछ वाहन मालिकों ने सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थलों के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगालने में जुट गई है।

# राज्य के कालेजों में नई शिक्षा नीति से इसी सत्र से होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राज्य शासन द्वारा 2024 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सभी महाविद्यालय में लागू किया जा रहा हैं। इस शिक्षा नीति में पुरानी शिक्षा नीति से बहुत ज्यादा बदलाव है राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त बिंदुओं पर जानकारी होना सभी शिक्षक एवम विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। इसके लिए संचालनालय उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन लिए जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो जिले के समस्त महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को इस नीति के से अवगत कराएंगे जिसके तहत आज को चयतु गायता आलोर शासकीय महाविद्यालय फरसगांव जिला कोंडागांव में मास्टर ट्रेनर शशि भूषण कन्नौज के द्वारा प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में बताया गया की अब सभी महाविद्यालयो सेमेस्टर शिक्षा प्रणाली लागू होगी जिसमे 6 माह में सेमेस्टर एग्जाम देने होंगे अब नवीन शिक्षा नीति 3 वर्षीय या 4 वर्षीय पाठ्यक्रम होगा जिसमें 3 वर्ष पश्चात पढाई छोड देने पर विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त होगी एवं चौथे वर्ष वह पठाई जारी रखना चाहता है तो किसी पर्टिकुलर विषय में ऑनर्स कर सकता है एवं 75 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित करने पर वह ऑनर्स के साथ रिसर्च कर सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति चॉइस बेस क्रेडिट सिस्टम पर आधारित होगा इस शिक्षा नीति में साइंस बैकग्राउंड के विद्यार्थी को जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में आर्ट या कॉमर्स के विषय पढ सकते है तथा इसी प्रकार आर्ट के विद्यार्थी साइंस या कॉमर्स के एक सब्जेक्ट पढ सकते हैं एवं कॉमर्स के विद्यार्थी भी इसी तरह आर्ट्स या साइंस के एक विषय पढेंगे।

इस कार्यक्रम में एम.आर.जागडे, बी.पी.साहू, राजेंद्र मरकाम, सीमा बघेल, तीरथ बरिहा,चंपा मरकाम ,सुलोचना सलाम, नवरोजी वृंदा ,पटेल एवम महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवम कर्मचारी उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उत्कृष्ट सदस्यों को किया गया सम्मानित

# विधायक लता उसेंडी ने किया संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शुक्रवार को माकड़ी में विकासखण्ड स्तरीय संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व सामाजिक विकास के आयामों से जुड़े 6 महत्वपूर्ण इन्डीकेटर को आकांक्षी जिला कोंडागांव व विकास खण्ड माकड़ी में तेजी के साथ संतृप्त करने के लिए 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत माकड़ी में आज विकासखण्ड स्तरीय संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 30 सितम्बर 2024 तक चलेगा।

बच्चों की शिक्षा और महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने का किया जा रहा है कार्य – इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की उचित देखभाल और पर्याप्त पोषण आहार की उपलब्धता, सभी बच्चों का टीकाकरण, मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों की शिक्षा और महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि स्वास्थ्य, सामर्थ्य व समृद्ध भारत के निर्माण के लिए नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों के तहत चयनित देश के आकांक्षी जिलों व आकांक्षी ब्लाकों में विकास के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी को मिल–जुलकर कार्य करने की अपील की।

जांच के पूर्व देखभाल एवं गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषाहार की उपलब्धता – इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत आकांक्षी ब्लाक माकड़ी को जिन 6 इन्डीकेटर्स पर संतृप्त किया जाना है, उसमें प्रमुख रूप से गर्भवती महिलाओं पर समय पर प्रसव जांच के पूर्व देखभाल एवं गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषाहार की उपलब्धता, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया जाये और प्रत्येक व्यक्ति की मधुमेव व उच्च रक्तचाप की नियमित जॉच, लाभार्थियों को मृदा परीक्षण कार्ड का वितरण एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फण्ड के माध्यम से आजीविकामूलक कार्योंर् को गति प्रदान करना, स्कूली बच्चों को निशुल्क किताबें और स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है।

इस अवसर पर विधायक सुश्री उसेंडी द्वारा संपूर्णता अभियान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया।

इसके साथ ही यहां रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उत्कृष्ट सदस्यों को सम्मानित किया गया। सभी विभागों द्वारा संपूर्णता अभियान से संबंधित सभी संकेतकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

मौजुद रहे ये – इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई नीति आयोग की यंग प्रोफेशनल नुपूर गोहरी जनपंद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र धुरडे, पीएमयू अभियन रात्रे, आकांक्षी विकासखण्ड फैलो धनेश्वर देवांगन सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक परिषद ने मनाई विवेकानंद की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्व सैनिकों, जन प्रतिनिधि, नगरवासियों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और मोमबत्तियाँ जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के सरंक्षक सुब्रत साहा ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि स्वामी विवेकानंद वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था।

उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने राम—ष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया और स्वामी जी के आदर्श वाक्य के बारे में बताया कि उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता। इसके बाद स्वामी विवेकानंद – अमर रहे और भारत माता की जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर कोंडागाँव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के सरंक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सुरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक बी.डी. एन. सिंह, पूर्व सैनिक अमृतलाल देवांगन, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश कुमार और फरसगाँव ब्लॉक में ब्लॉक उपाध्यक्ष बलदेव नेताम, ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, पार्षद संगीता पुजारी, अभिषेक जायसवाल, हरीश, जी. एस. मरकाम, और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले 250 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# जीवन दीप समिति की बैठक में दिया गया निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला अस्पताल के जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अस्पताल में वर्तमान में प्रदान की जाने वाली सेवाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में एक्स–रे, सोनोग्राफी सहित प्रयोगशाला में प्रतिदिन दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में चर्चा की और सीटी स्केन के लिए टेलीरेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी बैठक में दिए। जिला अस्पताल में लिफ्ट को एक सप्ताह के भीतर मरम्मत करवाने के निर्देश भी दिए। इस बैठक के दौरान जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ0 आरसी ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मयूरडोगन में मनाया गया संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





कोण्डागांव विद्व खण्ड अन्तर्गत संकुल केंद्र मयूर डोंगर में दिनांक 05,07,2024 को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्ण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपदसदस्य परमेश्वर नेलाम विशिष्ट अतिथि सरपंच मयूरडोंगर, सरपंच बोरगाव पंचगण, पालक गण महिला समूह, गणमान्य नागरिक शिक्षक,शिक्षिकाएँ एवं छात्र–छात्रओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। एक विद्यालयीन परमपरा अनुसार कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

- वच्चों को तिलक लगाकर निशुल्क पुस्तकें व स्कूल बैग का वितरण

मुख्य अतिथि के साथ सभी ने सरस्वती की एवं वंदना से किया गया। नव–प्रवेशी छात्र–छात्रनों का तिलक चंदन से स्वागत करते हुए, पाठ्यपुस्त गणवेश, वितरण किया गया। संकुल प्राचार्य मुकेश सेमलन संकुल समन्वयक दुर्गाशंकर दीवाने, कीं यशवंत देवागम, जमील अहमद रामसिंग नाग, भी हमेश्वर पटेल, सुकालुराम मंडावी संजीव तालुकदार एवं मुख्य अतिथि द्वारा शाला प्रवेश के उद्देश्य, शतप्रतिशत बच्चों का शाला प्रवेश के लिए पालकों को प्रेरित किया, शिक्षा की महत्ता, शासन एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न योजाओं आदि विषयों पर अपने उद्बोधन में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजुराम मरकाम, तुलेश्वर नाग मनासं कश्यप, कु चन्द्ररेखा की दिलीप कश्यप श्रीमती सुडलदई बेलाम, श्रीमती रीता प्रधान, जीवनधर नेताम, कु. दुलेश्वरी ध्रुव परमानंद वैध, कुमार नाग एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं सराहनीय भूमिका रही।

कार्यक्रम के पष्चात नव प्रवेशी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया। अपने उदबोधन में वक्ताओ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संचालन व्याख्याता दिनेश धुरव ने किया।

### साहू संघ के प्रांताध्यक्ष टहल राम साहू ने बांसकोट पहुंच परिजनों को दिया सांत्वना

# गायत्री मंत्र का अलख जगाने वाले अमृतलाल का पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





जिला साहू समाज के जिलाध्यक्ष राजेश साहू के पिता जी अमृतलाल साहू का 1 जुलाई 2024 को निज निवास बांसकोट में प्रातः 6:00 बजे से स्वास्थ्य खराब होने के कारण कोमल देव चिकित्सालय कांकेर में इलाज के पश्चात रायपुर ले जाते हुए कुरूद के पास संध्या 4:00 बजे देहावसान हो गया। आप गायत्री परिवार से सन 1959 से जुड़ कर गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा से दीक्षित होकर के अविभाज्य मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में गायत्री यज्ञ एवं गायत्री मंत्र का अलख जगाने में प्रमुख भूमिका निभाते हुए बस्तर संभाग के कोने कोने सुदूर अंचलों में पहुंच कर पैदल और साईकिल से यात्रा करते हुए उन्होंने गायत्री को जन जन में पहुंचाने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाया, अंतिम समय तक उन्होंने गायत्री मंत्र जाप, गायत्री मंत्र लेखन और योग को अपने जिंदगी में अपना कर जीवन को धन्य बनाया। और आपने अंतिम समय में भी योगासन करते हुए अचानक ही तबीयत खराब हुआ।

अपने गुरुदेव और गायत्री माता के गोद में हमेशा के लिए लेट गए । जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम बांसकोट में वैदिक मंत्रेचार के साथ विधि विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार,ग्रामीण ,नगर ,जिला एवं राज्य साहू संघ के स्वजातिय बंधु एवं पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिक एवम्जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अमृतलाल साहू गायत्री परिवार ट्रस्ट बांसकोट के प्रमुख ट्रस्टी एवं जिला साहू संघ कोंडागांव के जिलाध्यक्ष राजेश साहू एवम् विद्यासागर साहूके पिताजी एवं जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू के ससुर थे। साहू संघ के प्रांताध्यक्ष टहल राम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष मालक राम साहू, प्रदेश महामंत्री हलधर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू , जिला अध्यक्ष कांकेर लक्ष्मीकांत साहू, जिला संरक्षक बीरस साहू,जिला महासचिव बसंत साहू, संगठन सचिव विजय साहू, तहसील अध्यक्ष चंदन साहू एवं बडी संख्या में स्वजातीय बंधुओ के साथ–साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे। तथा छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रवि घोष मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### नेत्रोत्सव के बाद तुपकी...

देव शंकर पंडा, उत्तम पाणिग्राही, प्रशांत पाणिग्राही, जशकेतन जोशी, मिनकेतन पाणिग्राही, चोखालाल पाणिग्राही, निर्मल पाणिग्राही व अन्य मौजूद थे।

प्रमुख आयोजनों का होगा सीधा प्रसारणः गोंचा महापर्व के दौरान 8 से 15 जुलाई तक प्रत्येक दिवस समाज द्वारा विविध धार्मिक, सांस्कृतिक अनुष्ठान की परम्परा के निर्वहन की व्यवस्था भी की गई है। इस वर्ष श्री गोंचा रथयात्रा, हेरा पंचमी, छप्पन भोग एवं बाहुड़ा गोंचा रथयात्रा का शहर में लगे बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण के साथ ही सोशल मीडिया फेसबुक, यू ट्यूब के माध्यम से भी लाइव प्रसारण किया जावेगा। गोंचा महापर्व के दौरान प्रतिदिन संध्या 7:30 बजे से भगवान की महाआरती उपरांत भजन-कीर्तन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे, जिसमें स्थानीय एवं सांस्कृतिक मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति होगी।

### भैरमगढ़ व कटेकल्याण...

सीआरपीएफ, धर्मेन्द्र सिंह उप कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय स्मृतिक राजनाला व रामकुमार बर्मन एवं विमल कुमार सहायक कमान अधिकारी के समक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये। पुलिस अधीक्षक द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन रा

### चौपाटी, फास्ट फूड सेंटरों...

खाद्य पदार्थों के सही रख-रखाव, पीने के पानी को साफ पात्र में स्वच्छ जल भंडारण करने, बने हुए खाद्य पदार्थ को मक्खी एवं दूषित होने से बचाने हेतु ढंक कर रखने, खाद्य पदार्थ को रखने हेतु अखबारी पेपर का उपयोग ना करने, फूड कलर का सीमित मात्रा में उपयोग, तलने हेतु उपयोग किये जाने वाले तेल को 3 बार से अधिक गर्म नहीं करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिया गया।

**खबर संक्षेप**

## स्वच्छता दीदीयों ने चलाया सफाई अभियान



**नकुलनार।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन पर समूहों की स्वच्छता दीदीयों के द्वारा नकुलनार बाजार की सफाई अभियान चलाकर पूरी बाजार स्थल की साफ-सफाई की गई। ज्ञात हो कि विगत दिवस जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्राम पंचायत स्व सहायता समूह दीदीयों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्लास्टिक कचरा के पृथक्करण के विषय में प्रशिक्षण भी दिया गया था। जिसमें सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट से प्रोजेक्ट हेड विजय बहादुर सिंह के द्वारा बताया गया कि सूखे कचरे को पृथक्करण प्रक्रिया के तहत 12 से 15 तरह से अलग-अलग किया जाता है। जिसमें प्लास्टिक, कांच आदि मटेरियल शामिल है, साथ ही प्रत्येक प्रकार के कचरे के मूल्य एवं रेट के बारे में भी जानकारी दी गई।

## संपूर्णता अभियान के तहत निकाली रैली



**दरभा।** विकासखंड दरभा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में भारत सरकार नीति आयोग के प्राप्त निर्देशानुसार संपूर्णता अभियान के तहत रैली, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दरम्यान उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान के स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जीविका एवं शिक्षा के उद्देश्यों और महत्व को बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्य जेआर मौर्य, व्याख्याता डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, तुलादास मानिकपुरी, लुदरसन कश्यप, राजेश गुप्ता, बुधराम कश्यप, उषा कश्यप, मनोहरसिंह बरनाला, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला, प्रमोद यादव, दिनेश नाग, देवचंद सेठिया, हेमंत मांझी, नीलिमा सिंदरिया, जगन्नाथ समरथ, एनएसएस वॉलिंटियर्स तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शांतिनगर का होगा विकास बनेंगे पुल-पुलिया और सड़क



**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में 3 जुलाई को जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई। जिसमें कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में डायरिया से होने वाले मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सर्वे कर, हाथ धोने की विधि, जीवन रक्षक घोल बनाये जाने तथा ओआरएस. जिंक की महत्ता, दस्त होने पर भी मां के दूध पिलाने की आवश्यकता तथा शौच हेतु टॉयलेट की उपयोग के बारे जानकारी दी जा रही है।

## दिवंगत पत्रकार पी. संतोष के पुत्र को मिली सहायता



**बीजापुर।** भोपालपटनम के पत्रकार पी. संतोष कुमार के निधन पर जिले के कलेक्टर अनुराग पांडेय ने दुःख जताते हुए उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। गौरतलब है कि पी. संतोष कुमार बीते छःमहीने से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। इलाज के दौरान 2 जुलाई को हैदराबाद में उनकी मौत हो गई। इसके पूर्व उनकी पत्नी का देहांत धमतरी में इलाज के दौरान हुआ था। स्थानीय पत्रकार साथियों की पहल पर जिले के कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा स्व. पी. संतोष कुमार के ज्येष्ठ पुत्र मानस पेद्दापोलवार को 25 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई।

# छत्तीसगढ़ में 11 जुलाई से पौधारोपण का महा अभियान

### स्कूली बच्चे और सामाजिक संस्थाएं होंगे शामिल
### कांग्रेसी नेता बरसाती मेढ़क, चुनाव आने पर कर रहे राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

वनमंत्री केदार कश्यप ने गुरुवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 11 जुलाई से पौधारोपण का महा अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान में प्रदेश के स्कूली बच्चे, सामाजिक संस्थाएं शामिल होंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश दिया है। पौधारोपण को लेकर ये एक बड़ा संदेश है। आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है। पीएम मोदी का यह प्रयास आने वाले समय में एक मील का पत्थर साबित होगा। वनमंत्री कश्यप ने कहा कि, देश और छत्तीसगढ़ में सौहार्द्र का वातावरण है, जिसे कुछ असामाजिक और आपराधिक तत्व के लोग समाज को उकसाने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने सभी लोगों के लिए वैक्सीन, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड बनाया। मुफ्त चावल देने का काम किया। अब्दुल कलाम आजाद को राष्ट्रपति बनाया। जो लोग असुरक्षा का सवाल उठा रहे हैं। वो खुद इनके साथ राजनीति करने के सिवाय कुछ नहीं किया है। कश्यप ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में जो भी आपराधिक तत्व के हो, वो किसी भी समाज का हो, वह कानून से ऊपर नहीं है। उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के बयान पर वनमंत्री कश्यप ने कहा कि, सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास को मानने वाले लोग है। बाबा अहिंसा के पुजारी थे, समाज शुद्ध आचरण और संत प्रवृत्ति के लोग है। इनके लिए हमारी सरकार ने बहुत काम किया है, अन्य सरकार ने इनके लिए कुछ नहीं किया है। लेकिन आज अहिंसक समाज को कुछ लोग भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। बरगलाने की कोशिश कर रहे। ऐसे लोगों को बताना चाहता हूं कि यहां का समाज जागरूक है और हमारी सरकार इनके हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।



- छत्तीसगढ़ में सौहार्द्र का वातावरण, कुछ असमाजिक तत्व कर रहे बिगाड़ने की कोशिश

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से करोड़ों रुपए की स्वीकृति मिली है, ये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव की दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते मिली है। पिछली कांग्रेस सरकार की विकास को लेकर इच्छा नहीं थी। इनके नेताओं ने सार्वजनिक मंच से कहा कि, मोदी और गडकरी ने विकास कार्यों में कोई भेदभाव नहीं किया है, जो मांगा है, वह दिया है। आज ये किस मुंह से बात कर रहे हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ की विकास के लिए इनकी इच्छा ही नहीं है। ये सिर्फ राजनीति करना चाहते हैं।

राजधानी रायपुर में सड़क चौड़ीकरण को लेकर कांग्रेस के आंदोलन को कश्यप ने विशुद्ध राजनीति बताया है। उन्होंने कहा कि, पांच साल राज्य में कांग्रेस की सरकार रही, नगर निगम में भी 15 साल से इनकी सरकार है। लेकिन चुनाव आने पर ये कांग्रेसी नेता बरसाती मेढ़क की तरह कुंआ से बाहर आकर टर्र-टर्र कर रहे हैं। इस बार फिर इनकी बुरी हार होनी वाली है। जनता को मुंह दिखाने लायक भी नहीं बचेंगे।

# अधूरे सड़क के कारण विकास कार्य हो रहे प्रभावित : सरपंच

### अधूरे सड़क निर्माण को पूर्ण कराने ग्रामवासियों ने विधायक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदगढ़

सुकमा जिले के ग्राम पंचायत टहकवाडा के आश्रित ग्राम बेंगपाल जो जगदलपुर विधानसभा के अंतर्गत आता है।

वहां की जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन रमन सरकार ने एनएच 30 से बेंगपाल तक 9 किमी तक 2006-7 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण स्वीकृत की थी, जो कि नक्सल समस्या के कारण पूर्ण नहीं हो पाई। जिसे वर्तमान समय में ठेकेदार एलसी कटरे के द्वारा करवाया जा रहा था, परन्तु ठेकेदार ने 6 किमी तक सड़क निर्माण करने के पश्चात 3 किमी सड़क अधूरी छोड़ दी, जिससे ग्रामीणों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में ग्रामवासियों ने बेंगपाल में बैठक कर जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव को पत्र लिख कर जल्द से जल्द इस सड़क को पूर्ण कराने की मांग की है।



**जल्द बनेगी सड़क, होंगे विकास के कार्यः देव**



जगदलपुर विधायक देव ने कहा कि जल्द ही बेंगपाल की सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होगी। बेंगपाल में भी विकास के कार्य जल्द प्रारंभ होंगे

**रास्ता दुर्गम विकास कार्य हो रहे प्रभावित**

सरपंच महादेव वट्टी ने बताया कि इस सड़क के अधूरे रहने की वजह से बेंगपाल एवं कोटवार पारा में अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रास्ता दुर्गम होने के कारण सामग्री का भाड़ा बहुत अधिक लगता है, जिसके कारण मानक मूल्य से ज्यादा राशि खर्च होती है। जिसके चलते कोई भी कार्य यहां नहीं हो पा रहे हैं।

**स्कूल, पुल, तालाब, चेकडेम की है आवश्यकता**

*सरपंच ने कहा कि बेंगपाल में किसी प्रकार की अधोसंरचना नहीं हो पा रही है। जबकि यहां पर जनहित में पुल, पुलिया, सड़क, तालाब,चेकडेम आदि की नितांत आवश्यकता है।*

## भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



नगर के शिव मंदिर चौक में आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा राहुल गांधी के संसद में दिए गए हिंदू विरोधी भाषण के विरोध में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

भाजपा के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बलदेव उरसा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर नारे लगाते हुए कांग्रेस पार्टी को लताड़ने का काम किया है। जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी और उनके सहयोगी दलों द्वारा हिंदू विरोधी भाषण बाजी कर एक विशेष समुदाय को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। यह देश के लिए बहुत ही शर्मनाक है। नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज और हिंदुओं को हिंसक कहना अति निंदनीय है। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष जिलाराम राना, अजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू, पार्षद नदकिशोर राना, संजय रिवानी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा, हरिहर साहनी, युवा मोर्चा महामंत्री मथियस कुजूर, दीपक चौहान, हरिश उप्पल, गोलू नाग, हितेंद्र नाग, हितेश साहनी, गिरजा शंकर तामडी, हरीश बेलसरिया, विष्णु साहू, रामधर जुर्री, पूजा पोंदी, सुनीता तिवारी, साई किरण चेट्टी, पवन नाग, विनीत, ज्ञानदीप बघेल सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पौधारोपण मुहिम, 15 सौ से अधिक पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत सभी पंचायतों में पौधारोपण मुहिम के तहत कुल 1 लाख पौधे रोपित किये जाने है। इस क्रम में गत 29 जून को जनपद पंचायत कटेकल्याण के पंचायतों में स्थित देवगुड़ी, गौठान, पंचायत भवनों एवं अन्य सुरक्षित जगहों पर पौधरोपण किये गये। इसके तहत जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह, अधिकारी, कर्मचारियों, बच्चों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में देवगुड़ी में 850, गौठानों में 200, पंचायत भवनों में 200 एवं तालाबों में 250 से अधिक इस तरह से कुल 1500 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

# कुकानार में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदगढ़

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2024-25 का आयोजन गत दिवस सेजेस कुकानार में मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित, पुष्प गुच्छ भेंट कर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, माला, मुकुट पहनाकर एवं निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदाय कर कक्षा में प्रवेशित किया गया। कक्षा 9वीं में प्रवेशित 10 बालिकाओं को निशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के तहत सायकिल वितरण किया गया तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा एक पेड़ धरती मां के नाम श्लोगन के साथ विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण किया गया। आयोजन के दौरान संकुल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। 2023-24 में मेरिट लिस्ट में उत्तीर्ण व कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरुष्कार देते हुए शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए नियमित शाला आने हेतु मार्गदर्शन किया। 1 जुलाई 24 की स्थिति में छिंदगढ़ विकासखंड नए शिक्षण सत्र 2024-25 में 1157 बालक व 1260 बालिका कुल 2417 बच्चों ने नव प्रवेश किया। विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में उपस्थित जनप्रतिनिधियों में पार्वती प्रधानी, फुलेश्वरी बघेल जिला पंचायत सदस्य, सरपंच कुकानार मंगलदई, जेमावती नाग, अंशु चौहान व छिंदगढ़ के समस्त पंचायत के सरपंच, पंच, जनपद सदस्य आदि उपस्थित रहे। वहीं विकास खण्ड के शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी जिनमें बीएओ कमलेश श्रीवास्तव व सेजेस के प्राचार्य धर्मेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

- विखं स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में 10 बालिकाओं को मिली सायकिल



## अधिकारियों ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**बस्तर।** विखं बस्तर के बीईओ व एबीईओ बस्तर द्वारा गुरुवार को हाईस्कूल कोलचुर, माध्यमिक कोलचुर, प्राथमिक कोलचुर, पीएमश्री स्कूल कोलचुर, तत्पश्चात हायरसेकंडरी खोरखोसा, माध्यमिक व प्राथमिक खोरखोसा व प्राथमिक शाला सुकुलगुड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। कोलचुर हाईस्कूल में अव्यवस्था पाई गई, जिसका मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। सभी टीचर अध्यापक दैनन्दिनी संधारित करते पाए गए। मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से संचालित पाया गया। हाईस्कूल व हायर सेकंडरी में समय विभाग चक्र के अनुसार अध्यापन कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। एबीईओ सुशील तिवारी ने बताया कि गुणवत्ता के सुधार हेतु हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। साथ ही सभी शालाओं का गहन मॉनिटरिंग सतत जारी रहेगा।

# वृद्धा आदिवासी महिला की जमीन पर रसूखदार अधिकारी का कब्जा

- न्याय के लिए बेटी के साथ कलेक्टोरेट व थाना के चक्कर काट रही
- पांच साल बाद भी नहीं मिली जमीन, परपा थाना क्षेत्र के कोमपाल गांव का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोमपाल निवासी वृद्धा आदिवासी महिला अपनी जमीन वापस पाने के लिए प्रशासन व पुलिस के चक्कर काट रही है। हाथों में जमीन का पट्टा लिए वह कभी कलेक्टोरेट तो कभी थाने में जाती है और अपनी जमीन वापस दिलाने गुहार लगा रही है। तोकापाल ब्लाक के कोमपाल निवासी चयती बाई पति स्व ताती लगभग 70 वर्ष ने बताया कि उसकी जमीन पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तोकापाल अमित विश्वास द्वारा कब्जा कर लिया गया है। उसने बताया कि उसकी जमीन खसरा नम्बर 25 रकबा 0.60 हेक्टअर पर उक्त अधिकारी ने कब्जा कर लिया है। उक्त अधिकारी द्वारा एक वर्ष के लिए खेती करने के लिए मांगा गया था लेकिन अब 5 वर्ष बाद भी न तो जमीन को छोड़ रहा है और न जमीन में खेती करने के एवज में राशि दे रहा है। चयती ने बताया कि वह अपनी जमीन पर अपनी बेटियों के साथ मंडिया का फसल लेना चाहती है लेकिन उक्त अधिकारी द्वारा खेती करने नहीं दिया जा रहा है।

### जेल भेजने की देता है धमकी

अपनी जमीन का पट्टा हाथ में लिए दर दर भटक रही चयती ने बताया कि जमीन छोड़ने की मांग करने पर अमित विश्वास द्वारा डराया धमकाया जाता है और अपनी रसूख का धौंस दिखाकर जेल भेजने की धमकी देता है। उसने बताया कि इसकी शिकायत उसने कलेक्टर व पुलिस से भी की है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। चयती ने अपनी जमीन वापस दिलाने प्रशासन व पुलिस से गुहार लगाते हुए बताया कि इसकी शिकायत परपा थाना में भी की हूं और जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है लेकिन बारिश से पूर्व वह अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग अधिकारियों से की है।

## उत्साह के साथ पालनार में मना शाला प्रवेश उत्सव

**दंतेवाड़ा।** शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल पालनार के प्रांगण में बुधवार को किया गया। आयोजन में विभिन्न शालाओं के छात्र-छात्राओं के साथ उनके पालक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने शाला में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा मिष्ठान खिलाकर, पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया। मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन भी उपस्थित थे। इस दौरान संबोधन में विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को सभी बच्चों को नियमित स्कूल भेजने एवं शत-प्रतिशत शाला में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित करने के साथ ही सभी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाला से संबंधित किसी भी प्रकार के परेशानियों को हल करने का भी भरोसा दिलाया। इसके अलावा अन्य वक्ताओं द्वारा सभी शिक्षकों को अनुशासित रहने एवं विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने का भी आग्रह किया गया।




# दुर्गा पॉलिक्लीनिक में एक ही छत के नीचे ढेरों चिकित्सा सुविधाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**बिजनेस साईट**

दुर्गा पॉलिक्लीनिक एवं मेडिकोज ने नगरवासियों के लिए एक ही छत के नीचे बाहर के चिकित्सकों के साथ स्थानीय चिकित्सा विशेषज्ञों की परामर्श सुविधा उपलब्ध करवाई है। जहां मरीजों को लंबा इंतजार न कर सीधे चिकित्सकों की सलाह व उपचार मुहैय्या होती है। अपने नए स्वरूप के साथ दुर्गा मेडिकोज में मरीजों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान, अलग-अलग चिकित्सक कक्ष, नर्सिंग स्टॉफ एवं विभिन्न प्रकार के डायग्नोस की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। वर्तमान में उपलब्ध चिकित्सकों में बच्चों के डॉक्टर डॉ पुष्पराज प्रधान, एमडी मेडिसीन डॉ. वनजा ठाकुर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य कौशिक, मनोरोग चिकित्सक डॉ. रूखसार खान, सर्जन डॉ अंतरा भादुड़ी, त्वचा सौंदर्य एवं बालों के रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेन्द्र मोरला एवं दंत रोग एवं त्वचा सौंदर्य विशेषज्ञ डॉ. रीना मोरला प्रमुख है। इसके साथ ही संस्थान में उड़ीसा एवं विशाखापटनम के बेहतरीन चिकित्सकों की टीम प्रति शनिवार एवं रविवार को विसीट के लिए आ रहे है एवं मरीजों को चिकित्सा लाभ मिल रहा है।


## तिलक लगा, पगड़ी पहनाकर कराया बच्चों का शाला प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला अंतर्गत विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव पोटा केबिन मांझी पारा केरलापाल में मंगलवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथियों का स्वागत ग्राम वासियों ने ढोल नगाड़े के साथ नाचते हुए किया। मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि धनीराम बारसे भाजपा जिला अध्यक्ष, नुपुर वैदिक, डमरू नाग, दिलीप पेदी, रामा सोढ़ी, कीर्ति मरकाम, माडे बारसे, अंजू पोडियम एवं परदेशी नाग ने नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर, पगड़ी पहनाकर, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर 30 छात्रों को प्रवेश दिलाया।

इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा आदिवासी एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। जिला अध्यक्ष बारसे अपने संबोधन में नव प्रवेशी छात्रों को शासन की योजनाओं के बारे में बताते कहा कि शासन ने बच्चों के पहननें के लिए निःशुल्क गणवेश, पढ़ने के लिए पाठ्य पुस्तकें, खाने के लिए मध्यान्ह भोजन एवं रह कर पढ़ाई करने के लिए आवासीय छात्रवास, पोटा केबिन दिया है, ताकि कोई भी बच्चे पढ़ाई से वंचित ना रहे। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि शासन की योजना है कि आने वाले समय में हर ग्राम में शिक्षकों के निवास के लिए मकान बनाने का। जिला अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के सब का साथ सबका विकास के बारे में भी बताया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन, सहायक विकास खंड अधिकारी प्रफुल्ल डेनियल, खंड स्रोत समन्वयक दीपक बारसे के सफल मार्ग दर्शन में संकुल प्राचार्य, समस्त संकुल समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं गणमान्य नागरिक एवं नव प्रवेशी छात्रों की उपस्थिति में धुमधाम के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।


**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव**
**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202403200100007/ अ-4/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजमल पिता श्री वेंकट जाति नाई निवासी जामकोटपारा कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला बड़ेजामकोटपारा कोण्डागांव में स्थित भूमि शीट नंबर 01 भूखण्ड क्रमांक 350/1 में से रकबा 24X19-456 वर्गफीट भूमि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत अधिकार पत्र की 30 वर्षीय पट्टा वर्ष 1998 में प्राप्त भूमि को भूमिस्वामी हक में परिवर्तित (फ्री-होल्ड) किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला कोण्डागांव के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा एवं साधारण मेंटीनेन्स खसरा एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 11.07.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.06.2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### पौधे लगाकर पेड़ बनते तक सुरक्षा की जिम्मेदारी ली



**जगदलपुर।** मां के नाम एक पेड़ लगाने की तैयारी में बच्चे शिक्षक और प्राचार्य जुटे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद एकलव्य विद्यालय बास्तानार में 150 पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा और बड़े होने तक की जिम्मेदारी 240 बच्चों और 22 शिक्षकों सहित प्राचार्य ने ली। प्राचार्य के द्वारा पौधे की मांग किए जाने पर वन मंडलाधिकारी मध्य बस्तर द्वारा प्रदान किए गए। विद्यालय के साथ-साथ बालक और बालिका छात्रावास में पौधे लगाए जायेंगे।

### यूपीएससी में चयन होने पर डा. करूणा को विदाई



**जगदलपुर।** गोंडवाना समाज भवन में गुरुवार की शाम मेडिकल कॉलेज में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. करुणा मरावी का नियमित सहायक अध्यापक के रूप में संघ लोक सेवा आयोग मध्यप्रदेश के लिए चयनित होने पर विदाई दी गई। इस अवसर पर गोंडवाना समाज समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष तिरुमाल नकुल सिंह सेवता, महिला प्रभाग अध्यक्ष शीतला कोर्राम, कोषाध्यक्ष दीपा मांझी, डॉ. आरकेएस राज सोरी, नरेश मरकाम, सुखलाल नेताम, श्याम नेताम, रामेश्वरी सोरी, अंबिका ध्रुव व नीरज कुंजाम उपस्थित थे। डॉ. करूणा ने गोंडवाणा समाज का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस का वार्ड भ्रमण शुरू एक नंबर वार्ड में बैठक



**जगदलपुर।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जनचौपाल वार्ड भ्रमण के तहत प्रवीर वार्ड में बैठक की। वार्डवासियों की समस्याओं व चुनाव के विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान संतोष यादव, चक्रधर बिसाई, रविशंकर तिवारी, जीवन बघेल, यशवंत, ईश्वर बघेल, दुर्योधन कश्यप, शुभम नायक, विकास यादव, अरुण नागे, चैतन्य नाग, राम नेताम, सोनू नेताम, राजेश पटेल, राजा कश्यप, मनीष गढ़पाले, पापिया गाईन, अंजना नाग, जाहिद हुसैन, असीम सुता, संदीप दास मौजूद रहे।

### कमरा, कुर्सी के लिये धरना देकर जग हंसाई करा रही कांग्रेस

**जगदलपुर।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व निगम राजस्व विभाग के सभापति आलोक



अवस्थी ने जारी बयान में कहा कि नगर निगम में कांग्रेस विपक्ष की भूमिका में है, जिन्हें जनता सहित शहर से जुड़ी समस्याओं के लिये मुखर होना चाहिये लेकिन कांग्रेस पार्षद दल कमरे व कुर्सी के मोह से बाहर नहीं निकल पाई है। नगर निगम में कांग्रेस को सशक्त विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिये। कांग्रेस पार्षद दल का पहला धरना व विरोध प्रदर्शन कमरे व कुर्सी पाने के लिये किया जा रहा है। जो कांग्रेस की सोच को दर्शाता है। जिसमें जनसेवा का कोई स्थान नहीं है, सिर्फ सुविधाओं को पाने की मोहमाया ही कांग्रेस के लिये सब कुछ है। कांग्रेस संगठन को अंदरूनी गुटबाजी से त्रस्त होकर विवशता में नगर निगम में दो-दो नेता प्रतिपक्ष बनाना पड़ा। दोनों नेता प्रतिपक्ष नगर निगम के सामने कमरे व कुर्सी के लिये धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अच्छा होता कि नेता प्रतिपक्ष दुगनी शक्ति के साथ शहर की बेहतरी व जनसमस्या दूर करने अपनी आवाज मुखर करते।

---

### आकांक्षी विकासखण्ड के सूचकांक का सम्पूर्णता अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नीति आयोग के आकांक्षी जिला, विकासखंड के सूचकांक का सम्पूर्णता अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम तोकापाल के कृषि मंडी परिसर में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के

■ आकांक्षी ब्लॉक के सभी मानकों की पूर्णता के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक : विधायक





मुख्य अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक के सम्पूर्णता अभियान के सभी मानकों को सभी की सहभागिता से पूर्ण किया जाना है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों को लेना चाहिए, महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं से आर्थिक सम्बलता और स्वास्थ्य सुविधा से एक बेहतर स्वास्थ्य पाया जा सकता है। साथ ही किसानों के लिए मृदा परीक्षण की मिल रही सुविधा का लाभ से बेहतर कृषि कर उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसे अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि सरकार ने आकांक्षी योजना का जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों में संचालन कर अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज क्षेत्रों के तेजी से विकास को सुनिश्चित करने के लिए किया था। प्रदेश के 20 आकांक्षी ब्लॉकों में बस्तर जिले में तोकापाल ब्लॉक है, जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित सूचकांकों में पूर्णता की स्थिति पाने के लिए सम्बंधित विभाग द्वारा पहल की जा रही है। सम्पूर्णता अभियान के तहत तीन दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य के लिए दिए संदेश का सभी पालन करें। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि सम्पूर्णता अभियान का उद्देश्य 112 आकांक्षी जिलों और 500 आकांक्षी ब्लॉकों में चुने गए संकेतक में संतृप्ति (शत-प्रतिशत) प्राप्त करना है। संकेतक स्वास्थ्य पोषण कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों से संबंधित है। उक्त संकेतकों को आगामी तीन माह (1 जुलाई से 30 सितम्बर) तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सम्पूर्णता अभियान के तहत सूचकांकों को शत-प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा, इसमें पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण, हाइपरटेंशन, शुगर एवं डायबिटिज की जांच, महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार प्रदान, मृदा परीक्षण उपरांत सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण, सभी माध्यमिक विद्यालयों में विद्युतीकरण की सुविधा और सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराना एवं शाला त्यागी बच्चों को फिर से मुख्यधारा से जोड़ने जैसे सूचकांक शामिल है। इसके अलावा कार्यक्रम में एनआरएलएम समूह से जुड़ी महिलाओं को रिवाल्विंग फंड प्रदाय किया जायेगा।

जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान यात्रा से 4 जुलाई को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्पूर्ण विकासखण्डों में स्कूली बच्चे, मितानीन, स्व सहायता समूह के द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में रैली का आयोजन किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर सभी ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच, कृषक संगोष्ठी, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सम्पूर्णता अभियान के तहत उत्सव-मेला का आयोजन शुक्रवार को किया जा रहा है, जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड तोकापाल में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक एवं कला जत्था, विभागीय स्टॉल, पोस्टर प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच, शपथ कार्यक्रम किया गया। साथ ही सम्पूर्णता अभियान सभा जिले के समस्त विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संबंधित विभागों द्वारा सभी सूचकांकों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गई एवं आगामी तीन माह में इन सूचकांकों को ग्राम-ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु कार्ययोजना बनाई जाएगी। सम्पूर्णता अभियान ज्योति कार्यक्रम 6 जुलाई को मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजन किया जाएगा साथ ही नुक्कड नाटक एवं कला जत्था के माध्यम से सूचकांकों के बारे में जानकारी दी जायेगी एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथि विधायक विनायक गोयल ने विभिन्न विभाग द्वारा आयोजित शिविर का अवलोकन किया, शिविर में स्वयं का स्वास्थ्य जांच करवाया। संपूर्णता अभियान रथ को अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और संपूर्णता अभियान के शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने की प्रस्तुति दिया गया। इसके अलावा आकांक्षी ब्लॉक तोकापाल के 317 स्व सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड के तहत 47 लाख 55 हजार की स्वीकृति दी गई है। कार्यक्रम में तीन स्व सहायता के सदस्यों को चेक वितरण किया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा किसानों को स्वाइल हेल्थ कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलसेल कार्ड, बायोपिक चश्मा व आयुष्मान कार्ड, समाज कल्याण और शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चे को ट्राइसाइकिल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पेटी का वितरण किया गया। आकांक्षी ब्लॉक के स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के एक पेड़ मां के नाम पर अतिथियों ने पौध रोपण किया।

---

## बारिश में बढ़ी बच्चों की परेशानी...



**नगरनार।** ग्राम पंचायत नगरनार के प्रायमरी स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर के सामने दोपहर बाद हुई बारिश से परिसर व सड़क में जल भराव की स्थिति निर्मित हुई। जिसके चलते बच्चों, पालकों व राहगिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

---

## मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा आपके द्वार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी बैंक जगदलपुर के अमानतदारों या कृषकों को बैंक से अपने पैसे निकालने के लिए नजदीकी बैंक या स्थापित एटीएम तक जाना पड़ता था। जिससे आने-जाने में समय व राशि का अनावश्यक व्यय होता था। बुजुर्ग किसानों, ग्रामीणों को असुविधा हो रही थी एवं वे सभी बैंकिंग सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे थे। इसे ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी बैंक के द्वारा कार्य क्षेत्र में 2 मोबाइल एटीएम वैन नदीसागर एवं बेनूर के माध्यम से कृषक सदस्यों अमानतदारों को नजदीकी शाखा, समिति एवं बाजार स्थल में राशि निकालने के साथ-साथ खाते की शेष राशि संक्षिप्त जानने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बैंक द्वारा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक डिजिटल (कैशलैस) लेन-देन को बढ़ावा देने एटीएम का उपयोग करने प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मोबाइल एटीएम वैन संचालित होने से बैंक के अमानतदार कृषकों के ग्राम तथा हाट-बाजारों तक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध हो सकी है। मोबाइल एटीएम वैन के माध्यम से बैंक किसानों के नजदीक पहुंच चुका है। जिससे दूरस्थ अंचल के व्यक्तियों को उनके घर के नजदीक ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैंक द्वारा मोबाइल एटीएम वैन के माध्यम से क्षेत्र का भ्रमण कर प्रचार-प्रसार किये जाने से क्षेत्र के किसान अमानतदार वर्तमान युग की तकनीक के प्रति जागरूक हुये हैं। अब डेबिट कार्ड का उपयोग बढ़ा है, परिणामस्वरूप अधिक से अधिक व्यक्तियों को सुविधा देने में सरलता हुई है। कलेक्टर एवं जिला सहकारी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी विजय दयाराम के. के कुशल मार्गदर्शन में संचालित इस मोबाइल एटीएम वैन से जागरूक होकर कृषकों द्वारा सतत लाभ लिया जा रहा है। जिससे बैंक जाकर पैसा निकालने में भीड़ की परेशानी से छुटकारा मिल रहा है। कृषक समर्थन मूल्य में धान विक्रय या खेती-किसानी के ऋण का पैसा इस वाहन के माध्यम से अपने क्षेत्र में निकाल सकते हैं।

बैंकिंग सुविधा को अधिक से अधिक जन-मानस तक पहुंचाने के लिए मोबाइल एटीएम वैन मील का पत्थर साबित हुआ है। बैंक मोबाईल वेन की एटीएम के जरिये और अधिक ग्रामीणों एवं किसानों तक यह सुविधा पहुंचाने के लिये संकल्पित है।

---

शिक्षक को हटाने ग्रामीणों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

## शराबी शिक्षक से बच्चे ही नहीं पालक भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत धनपुर के अंतर्गत प्राथमिक शाला पटेल पारा के शिक्षक श्याम सिंह नेताम पर शराब के नशे में स्कूल आने और बच्चों को नहीं पढ़ाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवेदन दिया है। शिक्षक को न हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि शिक्षक शराब का सेवन कर स्कूल आते हैं। उनके इस कृत्य से स्कूल का माहौल खराब हो रहा है, बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार शिक्षक को समझाया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और हमेशा शराब का सेवन करके स्कूल आते हैं। इनकी शिकायत कई बार ग्रामवासियों ने संकुल स्रोत समन्वयक से कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। आज समस्त ग्रामवासियों ने खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा के कार्यालय में पहुंच ज्ञापन सौंपते कहा कि इस शिक्षक का जल्द से जल्द दूसरी जगह तबादला कर उनकी जगह दूसरे शिक्षक की व्यवस्था करें। पालकों ने बच्चों के भविष्य पर चिंता जताते हुए कहा कि जल्द से जल्द नए शिक्षक की नियुक्ति करवाई जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत की जाएगी।

---

### बारिश से खेत लबालब और शहर में नाली का कचरा सड़क में



**जगदलपुर।** बारिश का असर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दिखाई पड़ने लगा है। मानसून के आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन बारिश से कुछ परेशानी भी बढ़ी है। शुक्रवार को दोपहर में लगभग एक घंटे की बारिश से नाली का पानी सड़कों पर दिखाई पड़ा। जिसमें नाली की गंदगी और कचरे से लोगों को आने जाने में परेशानी हुई। कुम्हारपारा में शहीद पार्क से लेकर बंगीय समाज मंडप तक सड़क में पानी भरने से आने जाने वालों को दिक्कत हुई। वहीं केवरामुंडा स्कूल और शिक्षा विभाग का संयुक्त संचालक दफ्तर आने वालों को सड़क में पानी भरने से परेशानी हुई। ग्रामीण क्षेत्र में खेतों में लबालब पानी भर गया है। खेती किसानी का काम जोर शोर से चल रहा है। बारिश से किसान खुश हैं लेकिन खेतों में अधिक पानी भरने से रोपाई में दिक्कत भी आ रही है।

---

## जर्जर सड़क से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लालबाग में सोढ़ी पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले वार्डवासियों को जर्जर सड़क से परेशानी हो रही है। शहर के अनेक वार्डों में जहां के पार्षद दमदार हैं वे अपने-अपने

■ पार्षद की निष्क्रियता और लापरवाही से पक्की सड़क नहीं बनी

वार्ड के गलियों में पक्की सड़क बनाने में सफल हो गए लेकिन कुछ वार्ड के लोग अपने पार्षद की लापरवाही और निक्रियता से परेशान हैं। इन्हीं में से लालबाग का यह इलाका शामिल है। सोढ़ी पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले वार्डवासियों ने हरिभूमि को बताया कि नगर निगम को हम लोग भी बिजली, पानी और संपत्ति का टैक्स देते हैं लेकिन सुविधाओं के मामले में नगर निगम भेदभाव कर रहा है। पक्की सड़क नहीं बनने से आने जाने में काफी परेशानी होती थी अब बारिश में परेशानी और बढ़ गई है। थोड़ी सी बारिश में सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है। छोटे बच्चों को स्कूल के लिए इसी सड़क से होकर गुजरना पड़ता है जिससे परेशानी होती है। बच्चों के साथ-साथ नौकरी और अन्य काम धंधा करने वाले लोग भी जर्जर सड़क में पानी भरने से परेशान हैं। लोगों का कहना है नगर निगम को इस वार्ड की भी सुध लेनी चाहिए।

---

## विहिप व बजरंग दल ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में चर्चा के दौरान हिन्दुओं को हिंसक बताए जाने पर हिंदुवादी संगठनों में रोष व्याप्त है।

■ हिंदुओं के खिलाफ बयानबाजी पर हिंदूवादी संगठन में विरोध

शुक्रवार को शहर में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल द्वारा राहुल गांधी के कथित बयान के विरोध में पुतला दहन किया गया। कोतवाली चौक से लेकर गोल बाजार चौक तक राहुल गांधी का पुतला घुमाया गया। जिसमे बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल थे। विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी ने कहा कि राहुल गांधी का हिन्दुओं को हिंसक बताना उनके अल्प ज्ञानी होने के साथ हिंदू विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। हिन्दुओं के आराध्य देव शिवजी की तस्वीर को दिखाकर हिन्दुओं की आस्था से खिलवाड़ किया है। समय आने पर इसका जवाब दिया जाएगा। राहुल गांधी देश में अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं। उनका बयान तुष्टिकरण की नीति से प्रेरित है। इस दौरान संजय पांडे समेत परिषद के जिला मंत्री अमनदीप शर्मा, बजरंग दल के संयोजक घनश्याम नाग, योगेंद्र कौशिक, अनिल अग्रवाल, पवन राजपूत, विष्णु ठाकुर, होमेष राठौड़, सनी रैली, भवानी सिंह चौहान, कैलाश ठाकुर, प्रेम चालकी, गौरव ठाकुर, सुरेंद्र तिवारी, रोहित देव, सुदेश, उत्तम साहू, विक्रम ठाकुर, अंसुल खिरेंद्र दास सुनील अग्रवाल तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



## हर परिवार ने लगाया पौधा और सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकमान्य तिलक वार्ड के नाहर मुंडापारा में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष भुवनेश धुरव के नेतृत्व में हर

■ भाजपा नगर मंडल की पहल से हरियाली लाने का प्रयास

परिवार के द्वारा अपने घर के सुरक्षित स्थान पर पेड़ लगाया गया और सभी ने संकल्प लिया कि हम इस पौधे को पेड़ बनाएंगे और इस पेड़ की रक्षा की भी जिम्मेदारी लेते हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि शहर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पेड़ लगाने के लिए भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव के मार्गदर्शन में शहर के हर वार्ड में पौधे लगा रहे हैं। पौधे पेड़ बने इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ली जा रही है। इस दौरान जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, रोहित त्रिवेदी, नगर भाजपा महामंत्री संग्राम सिंह राणा, मनोज ठाकुर, सूर्यभूषण सिंह, चम्पा नाग, विनायक बेहरा, वंदना राठौर, चंपा नाग, दिनमनी बघेल, मीना कश्यप, शबाना, हेमवती, राजन कश्यप, अंतू नाग, सोमारु कश्यप, सोनू साहू सहित कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित थे।

